गुरुवार
15 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



दीपांकर भट्टाचार्य ने बक्सर लोकसभा सीट पर पेश की माले की दावेदारी 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# नीतीश ने जल्द लोकसभा चुनाव की जताई आशंका, बोले-जल्दी पूरा करें काम

- मुख्यमंत्री ने 6,680.67 करोड़ रुपये की लागत की ग्रामीण कार्य विभाग की 5,061 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 6,680.67 करोड़ रुपये की लागत की ग्रामीण कार्य विभाग की 5,061 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया। उन्होंने 1,554 करोड़ रुपए लागत की 1,362 योजनाओं का उद्घाटन, 3,172 करोड़ रुपए लागत की 2,260 योजनाओं का शिलान्यास एवं 1,954 करोड़ रुपए लागत की 1,439 योजनाओं का कार्यारंभ किया। इसके तहत 5,030 ग्रामीण पथ एवं 31 पुल निर्माण की योजना है। हमने वर्ष 2007 में ग्रामीण कार्य विभाग की शुरूआत करायी थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को बेहतर करने के साथ-साथ किसानों के फसल की बिक्री में सुविधा हुयी। पुरानी चीजों को ध्यान में रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। इसके तहत 100 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती थी। अभी जो लोग केंद्र सरकार में हैं उन्होंने वर्ष 2015 में इसे 60: 40 कर दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के खर्च को देखा जाय तो अब वह 50-50 हो गया है। पहले 1000 की आबादी वाले क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क निर्माण कराया जाता था बाद में इसे 500 आबादी कर दिया गया। हमलोगों ने अपनी तरफ से 500 से लेकर 1000 तक की आबादी वाले गांवों को जोड़ने के लिये मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत की। इसे बाद में 250 से अधिक की आबादी वाले गांवों को जोड़ने की योजना बनायी गयी। ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना के तहत 100 से 250 तक की आबादी वाले ग्रामीण टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना बनायी गयी, जिसमें मुख्यतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अति पिछड़ा वर्ग के रहने वाले लोग होते हैं। पहले गरीब-गुरबा, अनुसूचित जाति-जनजाति, अतिपिछड़े वाले इलाके में सड़कें नहीं होती थी। वर्ष 2016 में हमलोगों ने सात निश्चय योजना के तहत इसे करने का फैसला लिया।

### मेंटेनेंस कार्यों के लिए जितने कर्मी की जरूरत है, बहाल करें

सड़क, पुल-पुलिया एवं भवनों को विभाग के द्वारा ही मेंटेनेंस का काम कराया जाना है। इसके लिए जितने इंजीनियर और दूसरे कर्मी की जरुरत है, उसकी बहाली तेजी से करायें। मेरी बात पर अमल करें। जो इंजीनियर अच्छा काम करते हैं, उनके कार्यों की क्षेत्र के लोग काफी तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि टेंडर देने के बाद भी इंजीनियर की यह जिम्मेदारी है कि वह जाकर देखे कि काम में देरी क्यों हो रही है, कैसा काम हो रहा है।

### समय से पहले इसी साल हो सकता है लोकसभा चुनाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान हमें यह बताया गया कि वर्ष 2024 के जनवरी तक अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। इसे तेजी से करते हुए जल्द पूर्ण करें। कोई नहीं जानता है कि चुनाव कब होगा। समय से पहले इसी साल चुनाव हो सकता है। मेंटेनेंस कार्य जरूरी है इसे अपने विभाग के द्वारा ही इसे करायें। इस कार्य के लिये और लोगों की नियुक्ति होगी तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को काम करने का मौका मिलेगा।

# कल होगा नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार, रत्नेश सदा बनेंगे मंत्री

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार 16 जून को किया जाएगा। इसी दिन सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। जदयू कोटे से रत्नेश सदा मंत्री पद की शपथ लेंगे। इसे लेकर राज्यपाल सचिवालय, बिहार की ओर से एक पत्र भी जारी किया गया है। अब तक राजद और कांग्रेस के नाम सामने नहीं आए हैं, जिसके कारण कांग्रेस की नाराजगी किसी भी रूप में कभी भी सामने आ सकती है। राज्यपाल की ओर से शपथ ग्रहण की चिट्ठी जारी होते ही एक बार फिर कांग्रेस के अंदर कुलबुलाहट है, क्योंकि वह लंबे समय से दो मंत्रीपद की मांग कर रही है। उधर, 16 जून को शपथ के लिए जदयू कोटे से नाम घोषित होते ही राजद में भी अंदर-अंदर स्वर तेज हो रहा है। राजद कोटे से कृषि मंत्री सुधाकर सिंह और विधि मंत्री कार्तिक कुमार का इस्तीफा हो चुका है। मतलब, उसकी तो घोषित दो कुर्सियां खाली हैं।

मंगलवार को जैसे ही हम के इकलौते मंत्री संतोष मांझी ने इस्तीफा दिया, आपदा प्रबंधन के तहत सहरसा के सोनवर्षाराज से जदयू विधायक रत्नेश सदा का नाम उछल गया। वर्ष 2010 से रत्नेश सदा विधायक हैं।

## खबरें फटाफट

### वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने के लिए देने होंगे 890 से 1760 रुपए



**पटना।** पटना और रांची के बीच शुरू होनेवाली वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर का किराया रेलवे ने तय कर दिया है। रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने के लिए यात्रियों को एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 1760 रुपये और चेयरकार के लिए 890 रुपये देने होंगे। इसमें कैटरिंग की राशि नहीं जोड़ी गई है। यात्री अपनी इच्छा के अनुसार खाने का आर्डर दे सकते हैं। इसके लिए यात्रियों को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। ट्रेन में कुल आठ कोच हैं। प्रत्येक कोच में 78-78 सीटें हैं। खबर है कि इस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 जून को दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ट्रेन का उद्घाटन राजेंद्र नगर पटना में होगा, क्योंकि इस ट्रेन की मेटनेंस की जिम्मेवारी भी इस्ट सेंट्रल रेलवे को दी गई है। यह ट्रेन हजारीबाग-बरकाकाना, सिंधवार-सांकी-टाटीसिलवे और रांची के बीच नवनिर्मित नई रेललाइन में चलेगी। जानकारी के अनुसार पटना से रांची की दूरी इस ट्रेन में महज छह से साढ़े छह घंटे में पूरी होगी। प्रत्येक कोच चार आपातकालीन पुश बटन के साथ जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली से युक्त होगा।

**चक्रवाती तूफान: महाराष्ट्र, राजस्थान, केरल में भी अलर्ट जारी**

# आज गुजरात के तट से टकराएगा बिपरजॉय, भारी बारिश का खतरा

- मौसम विभाग ने 125-135 से 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की जताई आशंका
- आईएमडी ने कहा कि चक्रवात बिपरजॉय चरम से 'बहुत गंभीर' चक्रवाती तूफान में बदल गया है

**एजेंसी/अहमदाबाद**

अरब सागर से उठा चक्रवात बिपरजॉय गुरुवार गुजरात के तट से टकराएगा। इससे तूफानी लहरों, तेज हवाओं और भारी बारिश का खतरा बना हुआ है। बिपरजॉय के मद्देनजर गुजरात में सौराष्ट्र, द्वारका और कच्छ तटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। चक्रवाती तूफान से भारी नुकसान होने की आशंका है और कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम कार्यालय ने गुजरात, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा, दमन दीव, लक्षद्वीप, दादर और नागार्जुन हवेली के लिए अलर्ट जारी किया है। चक्रवात के लगभग उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ने और सौराष्ट्र और कच्छ को पार करने और जखाऊ पोर्ट (गुजरात) के पास मांडवी (गुजरात) और कराची (पाकिस्तान) के बीच पाकिस्तान के तटों को पार करने की उम्मीद है, गुरुवार शाम तक अधिकतम निरंतर हवा की गति के साथ एक बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में 125-135 से 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार चलेगा। आईएमडी ने कहा कि चक्रवात बिपरजॉय चरम से 'बहुत गंभीर' चक्रवाती तूफान में बदल गया है और गुरुवार शाम तक गुजरात में जखाऊ बंदरगाह को पार कर जाएगा।



### प्रशासन ने तटवर्ती जिलों से 21 हजार लोगों को निकाला

चक्रवात बिपरजॉय के गुजरात के तटीय क्षेत्र के पास कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह के निकट गुरुवार शाम को पहुंचने की संभावना के मद्देनजर, प्रशासन ने विभिन्न तटवर्ती जिलों से अब तक 21,000 हजार लोगों को निकाला है। गुजरात में एक चक्रवाती तूफान 1998 में भी आ चुका है जिसने काफी तबाही मचाई थी। तब वह समुद्री चक्रवात सिंध-गुजरात बॉर्डर पर आठ जून को टकराया था। यह विनाशकारी चक्रवात 4 जून को बना था और आठ जून को इसका लैंडफाल हुआ था। इस चक्रवात में 165 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से हवाएं चली थीं। इस चक्रवात से पूरे देश में 10,000 लोगों की मौत हुई थी। इसमें ज्यादा मौतें गुजरात में सामने आई थीं। गुजरात में 1173 लोगों की मौत हुई थी। 1500 से अधिक लोग लापता हुए थे।

### एहतियात के तौर पर पश्चिम रेलवे ने 69 ट्रेनों को किया रद्द

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। चक्रवात के कारण तटीय गांवों से सैंकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है, लेकिन गांव के लोगों की चिंताएं हैं कि अगर वह अपने जानवरों को छोड़कर दूसरी जगह जाते हैं तो जानवरों को इस आपदा में क्षति पहुंच सकती है। गांव के लोग अपना सामान, घर और जानवर छोड़कर नहीं जाना चाहते हैं। वहीं मौसम विभाग ने कहा कि अलग-अलग जगहों पर 3-6 मीटर तक हाई टाइड यानी समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं। पश्चिम रेलवे ने कहा कि चक्रवात बिपरजॉय के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एहतियात के तौर पर 69 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, 33 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है, जबकि 27 ट्रेनों को शॉर्ट-ऑरजिनेट किया गया है।

# खगड़िया में एक सनकी ने पहले अपनी तीन बेटियों का गला रेता, फिर पत्नी को मार खुद भी दे दी जान

**खौफनाक कदम**

**केटी न्यूज/खगड़िया**



बिहार के खगड़िया जिले से एक खौफनाक मामला सामने आया है। यहां मानसी थाना इलाके के एकनिया गांव में सनकी पिता ने पहले अपनी तीन बेटियों का गला रेता। उसके बाद उसने पत्नी का भी गला काट दिया। जब चारों की मौत हो गई तो पति ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मानसी थाना इलाके के एकनिया निवासी मुन्ना यादव मुफस्सिल थाने के एक मामले में फरार चल रहा था। लेकिन अचानक मंगलवार की देर रात वो घर पर आ धमका। इसके बाद उसकी पत्नी से जोरदार बहस हुई। इसके बाद उसका सनकपन हद को पार कर गया। बारी-बारी से मुन्ना यादव ने 15 से 18 साल की अपनी तीन बेटियों को गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद बेटियों का बचाव कर रही पत्नी को भी उसने गला काट कर मार डाला। आखिर में उसने घर में ही फांसी लगाकर अपनी भी जान दे दी।

इस पूरे कांड को लेकर एसपी अमितेष कुमार ने मीडिया को जानकारी दी है। एसपी ने कहा कि जिस समय मुन्ना यादव ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया, तब उसके दो बेटे छत पर सो रहे थे। पिता को बहनों की हत्या करते उन्होंने देखा और इसके बाद दोनों बेटे डर के मारे घर से भाग कर बाहर निकल गए। इसी वजह से उनकी जान बच पाई है।




**टला बड़ा हादसा... ट्रेन की बोगी में लगी आग पर दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू**

# बरौनी-समस्तीपुर रेलखंड पर द बर्निंग ट्रेन होने से बची गरीब रथ

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**



आनंद विहार से जयनगर जा रही गरीब रथ (12436) एक्सप्रेस बुधवार को 'द बर्निंग ट्रेन' होने से बची। अचानक ट्रेन की जी-3 बोगी के पिछले हिस्से में टॉयलेट की ओर आग लग गई. घटना बरौनी-समस्तीपुर रेलखंड के नाजीरगंज और दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन के बीच जनकपुर गांव स्थित 39 नंबर रेलवे गुमटी के पास की है। इसी दौरान उस बोगी में सफर कर रहे यात्री ने बोगी के पीछे आग की तेज लपटों और धुएं को देखकर जंजीर खींचकर ट्रेन रोक दी। ट्रेन की बोगी में लगी आग को देखकर स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन में बोरिंग चलाकर तो कोई बाल्टी में पानी लेकर ट्रेन की ओर दौड़ पड़ा। इधर ट्रेन की बोगी में लगी आग की सूचना पर दलसिंहसराय से अग्निशमन दस्ता की टीम के साथ रेल पुलिस मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। इसके बाद आग लगी कोच जी-3 को ट्रेन से अलग कर दिया गया। वहीं अन्य बोगी को इंजन के पीछे से जोड़कर कोच में बिजली की आपूर्ति बहाल की गई तब जाकर यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत मिली। ट्रेन के यात्रियों ने बताया कि उन्हें बोगी में स्पार्क जैसी बदबू आ रही थी। इसके बाद बरौनी स्टेशन पर इसकी शिकायत भी की लेकिन रेलवे ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। घटना के कारण ट्रेन की बोगी में सफर कर रहे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। इधर सूचना मिलने के बाद समस्तीपुर मंडल के डीआरएम आलोक अग्रवाल मौके पर पहुंचे। अन्य टीम भी पहुंची और जांच की। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

## खबरें फटाफट

### भोजपुर में ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी सहित दो की मौत

**आरा।** भोजपुर में शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी सहित दो महिलाओं की मौत हो गयी। यह घटनाएं दानापुर-पीडीडीयू और आरा-सासाराम रेलखंड पर हुई है। आरा-सासाराम रेल खंड पर गडहनी-बागर पथ पर रेलवे क्रासिंग फाटक के पास दोपहर करीब एक बजे ईएमयू की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई।मृत किशोरी चरपोखरी थाना क्षेत्र के हरपुर चांदी गांव निवासी शिवकुमार पासवान की पंद्रह वर्षीय अस्मिता कुमारी थी। उसके भाई अमरजीत कुमार ने बताया की उसकी बहन दिमागी रूप से कमजोर थी।वह घर से अपनी बहन के घर नासरीगंज जाने की बात कह निकली थी। इस बीच गड़हनी के पास रेलवे लाईन पर वह ट्रेन की चपेट में आ गयी। सूचना मिलने पर चरपोखरी थाने की पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। किशोरी दो भाई व पांच बहन में चौथे नंबर पर थी। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया हैं। इधर, दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बनाही रेलवे स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर शुक्रवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात 30 वर्षीया महिला की मौत हो गई।

### औरंगाबाद में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के सरावाक गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में प्रथम पक्ष से वकील दास, शशिकांत कुमार, श्रीकांत कुमार, रीना देवी और द्वितीय पक्ष से संतन दास एवं राज कपूर दास घायल हो गए। सभी घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कासमा पुलिस द्वारा भर्ती करवाया गया। घायलों को डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें शशिकांत कुमार ,श्रीकांत कुमार, मीना देवी ,संतन दास एवं राज कपूर को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में रीना देवी ने बताया की बीते रात्रि राज कपूर शराब के नशे में आकर बेवजह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट कर दिया। जिसमें मेरे दो, पुत्र पति एवं मैं खुद घायल हो गयी। वही इस घटना की जानकारी देते हुए संतन दास ने बताया की जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी है। मौके पर पहुंची कासमा थाना पुलिस ने घटनास्थल से सभी घायलो को उठा कर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है। घायलों का डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें शशिकांत कुमार ,श्रीकांत कुमार, मीना देवी ,संतन दास एवं राज कपूर की स्थिति को गम्भीर देखते हुये बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कटेया हत्याकांड : मोहब्बत में मारा गया रेयाज, बाप-बेटों ने मिलकर की हत्या



- रेयाज की हत्या में दो सगे भाई गिरफ्तार, बाप छत से कूदकर भाग निकला
- गांव के ही एक व्यक्ति, उसके दो बेटों सहित दो-तीन अन्य पर दर्ज है मुकदमा

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के कटेया गांव निवासी मैट्रिक के छात्र रेयाज अहमद उर्फ रौशन की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक प्रेम प्रसंग में अगवा करने के बाद उसकी हत्या की गयी थी और शव को रेलवे ट्रैक के बगल में शमशान घाट के पास फेंक दिया गया था। इस मामले में मृतक के गांव के ही कृष्णा राम और उसके दो बेटों राजा राम व सुशील राम को आरोपी बनाया गया है। पुलिस द्वारा दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरा आरोपी पुलिस को देख छत से कूद कर भाग निकला। गिरफ्तार राजा राम और सुशील राम सगे भाई हैं। वहीं इस मामले का तीसरा आरोपी इनका पिता कृष्णा राम भाग निकला। पूछताछ में दोनों भाइयों ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। एसपी प्रमोद कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सात जून की रात नाच देखने गये छात्र की हत्या की गयी थी। आठ जून की दोपहर में उसका शव मिला था। उसके बाद घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और छानबीन को लेकर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। छात्र के परिजनों से जानकारी लेने के क्रम में तीनों पिता-पुत्र का नाम सामने आया। परिजनों द्वारा घटना का कारण भी बताया गया। उसके बाद मंगलवार की रात छापेमारी कर दो आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि तीसरा छत से कूदकर भाग निकला। घटना में दो-तीन अन्य लोगों का भी नाम आ रहा है। उनकी भी पहचान कर ली गयी है। सभी की गिरफ्तारी के लिए टीम छापेमारी कर रही है। टीम में बिहिया थानाध्यक्ष उदयभानु सिंह और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

**बाप-बेटों ने छात्र को उठाया और कर दी हत्या:** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपियों के घर की एक लड़की के साथ मृत छात्र का प्रेम संबंध था। इससे लड़की के घर वाले काफी नाराज चल रहे थे। उनके द्वारा छात्र के परिजनों को पूर्व में धमकी भी दी गई थी। कहा जा रहा था कि हरकत में सुधार नहीं हुआ, तो हत्या भी की जा सकती है। सात जून की शाम छात्र रेयाज गांव में आयी बारात में नाच देखने गया था। उसी बीच कृष्णा राम ने अपने दो बेटों राजा व सुशील के अलावा दो-तीन अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर रेयाज को बहला फुसलाकर अगवा कर लिया। उसके बाद रेलवे ट्रैक की ओर एक सुनसान जगह पर ले जाकर हत्या कर दी। लाठी-डंडों से पिटाई करने के बाद पत्थर से उसके चेहरे को भी कूंच दिया गया था।

**खुद या भाई के प्यार के चक्कर में मारा गया छात्र:** रेयाज अहमद उर्फ रौशन खुद के प्रेम या अपने किसी भाई के प्यार के चक्कर में मारा गया? यह प्रश्न पुलिस की जांच का एक एंगल बना हुआ है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों बातें सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि छात्र का ही लड़की से प्रेम संबंध था। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि उसके किसी भाई का प्रेम संबंध था। कुछ दिन पहले उसे लेकर दोनों घरों में विवाद हुआ था। तब छात्र द्वारा बीच-बचाव किया गया था। उस कारण भी लड़की वाले छात्र से नाराज चल रहे थे और मौका देख उसकी हत्या कर दी गयी।

**मोबाइल से खुला हत्या का राज:** छात्र रेयाज अहमद की हत्या का खुलासा करने में पुलिस को उसके मोबाइल से काफी मदद मिली है। हत्या करने के समय से लेकर आरोपियों तक की पहचान में पुलिस को मोबाइल से सहायता मिली है। शव मिलने के बाद पुलिस ने जब छात्र के मोबाइल की जांच शुरू की, तो पता चला कि बुधवार की रात 7 बज कर 52 मिनट पर उसका मोबाइल बंद हो गया था। ऐसे में पुलिस बता रही है कि उसी समय उसकी हत्या की गयी थी। बता दें छात्र बुधवार की शाम गांव में आयी बारात में नाच देखने गया था। उसके परिजनों के अनुसार वह शाम सात बजे घर से निकला था।

## कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय का बेटा चढ़ा पुलिस के हत्थे

- नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित एक रेस्टोरेंट से पकड़ा गया वांटेड धीरज पांडेय
- कमालुचक बालू घाट के पास डकैती की साजिश रचने की सूचना पर हुई थी छापेमारी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के कुख्यात अपराधियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कोईलवर थाने की पुलिस द्वारा डकैती की साजिश में वांटेड कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय के बेटे धीरज पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव का रहने वाला है। उसे मंगलवार की रात नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित एक रेस्टोरेंट से गिरफ्तार किया गया। उस पर बालू घाट पर डकैती की साजिश रचने में शामिल होने का आरोप है। पिछले अप्रैल माह में पुलिस छापेमारी के दौरान वह अपने पिता और भाई के साथ भाग निकला था। तब से वह फरार चल रहा था। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि चार अप्रैल को कोईलवर थाने के कमालुचक बालू घाट पर डकैती की साजिश की सूचना मिली थी। तब पुलिस की ओर से छापेमारी कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मौके से हथियार और गोलियां भी बरामद की गयी थी। तब धीरज पांडेय अपने पिता सत्येंद्र पांडेय, भाई नीरज पांडेय और छोटू सहित अन्य अपराधियों के साथ भाग निकला था। उसके बाद से सभी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही थी। इस बीच मंगलवार की रात सूचना मिली कि धीरज पांडेय धनुपरा स्थित एक रेस्टोरेंट में आया है। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने छापेमारी कर धीरज पांडेय को दबोच लिया। एसपी के अनुसार वह पूर्व से भी कई कांडों में आरोपी रहा है। उसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वह फिलहाल बड़हरा के भी एक कांड में वांछित था।

## भोजपुर में थाने के चालक ने भीड़ के बीच महिला सिपाही को मार दिया थप्पड़, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

- कोईलवर वार्ड नंबर चार की घटना, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल
- वीडियो में एक अन्य जवान भी दिख रहा महिला सिपाही को धक्का देते हुए

**केटी न्यूज/आरा**



घटना स्थल पर मौजूद हरे रंग के ड्रेस में चालक व इनसेट में महिला सिपाही को थपड़ मारने के बाद हटाते जवान

भोजपुर के कोईलवर में ग्रामीणों का विवाद सुलझाने गयी पुलिस टीम खुद उलझ गयी। ग्रामीणों से नोंकझोंक कर रहे थाने के चालक द्वारा भीड़ के बीच महिला सिपाही को ही जोरदार थप्पड़ जड़ दिया गया। इससे मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी अवाक रह गए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसमें चालक द्वारा महिला सिपाही को थप्पड़ लगाते देखा जा रहा है। वहीं वीडियो में एक अन्य जवान को भी महिला सिपाही को धक्का देते और तुम-ताम करते देखा और सुना जा सकता है। जवान को महिला सिपाही को धक्का देते यह कहते सुना जा रहा है कि हटअ ना तु काहे के घुसल आवत बाड़ू। सिपाही को थप्पड़ जड़ने का आरोप थाने की सरकारी गाड़ी के चालक आतिश कुमार पर लगाया जा रहा है। हालांकि मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा गलती से चालक का हाथ चल जाने की बात कह मामले का पटाक्षेप करने की कोशिश की गयी। लेकिन तब तक थप्पड़ जड़ने का वीडियो वायरल हो चुका था। समाचार लिखे जाने तक महिला सिपाही की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया था। दूसरी ओर मौके पर मौजूद लोगों द्वारा चालक पर ग्रामीणों के साथ भी अभद्रता करने का आरोप लगाया गया। इधर, महिला सिपाही के थप्पड़ की गूंज एसपी तक पहुंच गयी है। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी द्वारा एएसपी को पूरी घटना की जांच का आदेश दे दिया गया है। ऐसे में चालक का सस्पेंशन तय माना जा रहा है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। एएसपी से जांच करायी जा रही है। 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी गयी है। उसके बाद चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सस्पेंशन के साथ ही चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### जमीन का विवाद सुलझाने गयी थी पुलिस

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कोईलवर के वार्ड नंबर चार निवासी मो. मेराज जफर और मो. शमीम अहमद के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। मो. मेराज जफर की ओर से 10 दिन पूर्व आवेदन दिया गया था। उसमें शमीम अहमद पर जफर के घर के सामने की उनकी जमीन पर जबरन मकान बनाने का आरोप लगाया गया था। मो. शमीम अहमद द्वारा भी मो. मेराज जफर के खिलाफ शिकायत की गयी है।

## प्रधान सचिव ने बुनियाद केन्द्र का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते सचिव

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

बुनियाद केन्द्र जहानाबाद का प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी ने संयुक्त भ्रमण किया। इस मौके पर कार्यालय की व्यवस्था, तकनीकी कर्मियों, बुनियाद केन्द्र एवं संजीवनी सेवा शिविर के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी ली गई। इस भ्रमण के दौरान उनके द्वारा लाभुकों से बातचीत की गई जिसमें मंटू कुमार नाम के बुनियाद केंद्र के लाभुक ने अपनी कहानी बताते हुए बुनियाद केन्द्र की सराहना की तथा केंद्र को बेहतर बताया।

सचिव एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बुनियाद केन्द्र के द्वारा जरूरतमंद लाभुकों के लिए प्रदान किए जाने वाले सहायक उपकरणों, तकनीकी कर्मियों के रिक्त पदों को भरने अथवा कॉल ऑन पर सेवा लिए जाने पर भी बातचीत की गई । साथ ही स्टाफ के वेतन इंक्रीमेंट, संजीवनी सेवा शिविर के परफॉर्मेंस एवं कैंप के लाभुकों के संबंध में तकनीकी कर्मियों से जानकारी ली गई। प्रधान सचिव के द्वारा जिला प्रबंधक डॉ. रीमा सिन्हा को बुनियाद केंद्र के उद्देश्यों को प्राप्त करने एवं इसके सुचारू संचालन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा एवं बुनियाद केन्द्र की पूरी टीम उपस्थित थी।

## 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत टेहटा में भाजपा के संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

टेहटा बाजार में भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ दास की अध्यक्षता एवं युवा मोर्चा जिला महामंत्री धर्मवीर सरकार के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत चौधरी रहे। मनोज शर्मा ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकताओं की वजह से ही केंद्र में काबिज है और आने वाले 2024 के आम चुनाव में पुन: केंद्र में एवं 2025 में बिहार में सरकार बनाएगी। भाजपा के सात मोर्चे के कार्यकर्ता मण्डल स्तर पर 75 कार्यकताओं की टोली बना करके केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनमानस को परिचित करायें एवं अपने क्षेत्र में पार्टी की विश्वसनीयता को जमीनी स्तर पर कायम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीति ही नहीं करती है बल्कि मानव समुदाय की संरक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए काम कर रही है। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत चौधरी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को भाजपा ने मान सम्मान देने का काम किया है। आप कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण कार्य के सहयोगी हैं। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, युवा जिलाध्यक्ष रवि शेखर, भाजपा जिला महामंत्री अनिल ठाकुर, उपाध्यक्ष कृष्णकांत राय, कृष्णमुरारी, मंत्री मनोज पासवान, मण्डल अध्यक्ष अखिलेश कुमार, गोपाल सिंह, विनोद कुमार, विमलेश शर्मा, राकेश कुमार, कृष्ण वर्मा, राहुल पाण्डेय, रंजीत कुमार, अमित कुमार, विजय द्विवेदी, विश्वनाथ सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा नेता।

## एक नजर

### सीओ ने दो के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी

**केटी न्यूज/ रोहतास।** दावथ थाना क्षेत्र के हथडिहां गांव में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर सीओ ने दो लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु पत्र दिया है। प्राथमिकी हेतु दिये गये पत्र में सीओ ने कहा है कि मौजा हथडिहां थाना संख्या-449,खाता संख्या-240,खेसरा संख्या-994 रकबा 15 डिसमिल में, अनावाद सर्वसाधारण भूमि पर सरकारी योजना( संतोष तिवारी के घर से उतर प्रविण तिवारी के घर होते हुए पश्चिम करहा तक नाली निर्माण)कार्यरत है। जिस पर स्व. श्रीनिवास तिवारी के पुत्र संतोष तिवारी व स्व. अमित तिवारी के पुत्र विक्रमा तिवारी द्वारा अस्थायी अतिक्रमण किया गया हैं तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

### महिला को बचाने कूदे युवक का शव बरामद

**केटी न्यूज/सासाराम।** बेदा नहर में मंगलवार को नहर में एक महिला और फिर युवक के कूदने का मामला सामने आया था। नहर में तेज बहाव होने के कारण उनके बह जाने की बात कही जा रही थी। नहर में पानी कम किए जाने के बाद युवक का शव बुधवार दोपहर बेदा पुल के पास से बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान सुधीर कुमार (22) के रूप में की गई है। सूचना पर मृतक के परिजन पहुंच गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। महिला के शव की तलाश जारी है।

### बाल सुधार गृह के बंदी की संदिग्ध हालत में मौत

**केटी न्यूज/गया।** बाल सुधार गृह में एक बंदी अविनाश सिंह की पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया गया है। आरोप परिजनों द्वारा लगाया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार की रात 2-3 बंदियों ने मिलकर गमछे से मुंह बांधकर उसकी पीटकर हत्या कर दी है। इसकी जानकारी बाल सुधार गृह प्रशासन की ओर से रात में घर वालों को दी गई थी। रात ही जेल प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है। अविनाश सिंह जमीनी विवाद में जेल में बंद था।

### रक्तदान अमृत महोत्सव पर आयोजित शिविर में 18 ने किया रक्तदान

**केटी न्यूज/जहानाबाद।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले में 18 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष द्वारा रक्तसेवा संस्था के सहयोग से बुधवार को रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अस्पताल अधीक्षक डॉ. डीडी चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थय एवं परिवार कल्याण विभाग तथा बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश के आलोक में रक्तदान अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिससे थैलीसीमिया रोगियों, प्रसूता महिलाओं सहित जरूरतमंदों की जान बचती है। रक्तदान करने वालों में रक्तदान करने वालों में विक्रांत कुमार, आदर्श कुमार, आशीष कुमार, डॉ. रघुवंश मिश्रा, निशांत कुमार, राजीव रंजन, सपना कुमारी, पंकज, नागेंद्र शर्मा, अंजुला मिश्रा, आराधना मिश्रा, त्रिशंकु कुमार, रजनीश कुमार, शमशाद आलम, अंकित कुमार, विवेक कुमार, पवन सिंह,ममता कुमारी शामिल हैं।

## लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के कार्यों की जहानाबाद के जिलाधिकारी ने की समीक्षा

# अभियान चलाकर सभी ग्राम पंचायतों को करें ओडीएफ प्लस: डीएम

- घरों से स्वच्छता सेवा शुल्क लेने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया निर्देश
- अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण कार्य की स्थिति दयनीय

**केटी न्यूज जहानाबाद।**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के कार्यों की समीक्षा की गई। इस क्रम में उन्होंने पाया कि जिले में 38 पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसे 30 जून तक पूर्ण कराने के लिए जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने पाया कि मखदुमपुर , मोदनगंज, रतनी और जहानाबाद प्रखंड में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण हेतु भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बावजूद भी निर्माण कार्य की स्थिति दयनीय है। जिसके लिए संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया। मोदनगंज एवं घोषी प्रखंड में शौचालय निर्माण का भुगतान की प्रगति धीमी होने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में भुगतान लंबित नही होना चाहिए । अगले एक सप्ताह में प्रगति सुधारते हुए जिला को सूचित करेंगे। समीक्षा के क्रम में संपूर्ण स्वच्छता का स्थायित्व हेतु सभी पंचायतों / वार्डो में सामुदायिक उत्प्रेरण करते हुए घरों से स्वच्छता सेवा शुल्क लेने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया । साथ ही सभी ग्राम पंचायतों को सशक्त करने हेतु वृहद प्रसार प्रचार के माध्यम से जन जागरूकता अभियान करते हुए सभी गांवों को ओ डी एफ प्लस करने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। जिले में एक इकाई गोबरधन योजना हेतु मांदिल पंचायत में स्थल का जल्द से जल्द अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए अग्रतर प्रक्रिया करने हेतु जहानाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए लक्षित 176 सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार पंचायतों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया । साथ ही यह भी निदेश दिया गया है कि पूर्व में निर्मित सभी सामुदायिक स्वच्छता परिसर को नियमित रूप से समुदाय द्वारा इस्तेमाल किए जाने की परिस्थिति में ही उस प्रखंड को नए सामुदायिक स्वच्छता परिसर हेतु राशि हस्तांतरित किए जायेंगे। समीक्षा के क्रम में सभी पंचायती राज पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया कि 15 वें वित आयोग से 30: की राशि का खर्च सिर्फ स्वच्छता कार्यों में किया जाना है जिसका दस्तावेजीकरण सही तरीके से किया जाए। लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत पंचायतों में निर्माण किए जाने वाले सामुदायिक सोक पीट , जंक्शन चौंबर तथा आउटलेट चौंबर निर्माण में धीमी प्रगति वाले प्रखंड हुलाशगंज, काको, जहानाबाद और मोदनगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्पष्ट निदेश दिया गया कि समानुपातिक साप्ताहिक प्रगति नही होने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।




बैठक करते जहानाबाद डीएम रिची पाण्डेय।

## खबरें फटाफट

### दहेज में बाइक नहीं देने पर वर पक्ष ने शादी से किया इंकार

**डुमरांव।** दहेज में अपाची बाइक नहीं मिलने पर वर पक्ष द्वारा शादी से इंकार करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में लड़की के पिता की ओर से वर पक्ष के पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। मामला नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव का हैं। पीड़ित भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकठी गांव के संजय पासवान ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसने अपनी लड़की की शादी नया भोजपुर के गौरीशंकर राम के लड़के से तय की थी। छेका भी हो गया था। लेकिन बाद में अचानक लड़के वाले दहेज में अपाची बाइक की मांग करने लगे। मैने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दे अपाची बाइक देने में असमर्थता जताई तो लड़के वाले शादी से इंकार कर गए तथा छेका में उपहार स्वरूप दिए गए सामानों को लौटाने से इंकार कर दिया और मांगने पर मेरे साथ मारपीट भी की।

### छींटाकशी का विरोध करने पर भाई की पिटाई, केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के हरिजी के हाता मोहल्ले में एक युवती के साथ छींटाकशी का विरोध करने पर युवती के भाई के साथ मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर पांच लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पीड़ित हरिजी के हाता निवासी विशाल कुमार सिंह बताया जाता है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपनी बहन के साथ बाजार जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अनिकेत सिंह, सुंदर सिंह, राजा पाठक सहित पांच लोग बहन को देख छींटाकशी करने लगे। विरोध करने पर मेरे दरवाजे पर चढ़कर लाठी-डंडे और लोहे की रड से पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग दौड़े तब तक आरोपी फरार हो गये।

### अज्ञात वाहन के धक्के से जख्मी युवक की मौत

**केसठ।** दसियांव चनवथ मार्ग पर बुधवार को एक अज्ञात वाहन वाहन ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक चालक 42 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक रामपुर गांव निवासी मुन्ना पासवान (42) बताया जाता है। जो अपने गांव के एक साथी के साथ कही जा रहे थे। तभी उनके पीछे से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया था। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरे जख्मी की स्थित भी नाजुक बनी हुई है।

# पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए गंगा के किनारे किया जाएगा पौधरोपण

- डीएम अंशुल अग्रवाल ने गंगा समिति की बैठक में घाटों के निर्माण की समीक्षा कर दिये कई निर्देश
- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन को पत्र लिख सौदर्यीकरण की दी जाएगी जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

समाहरणालय परिसर में बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में डीएम ने एनबीसीसी के तहत हो रहे गंगा घाटों के निर्माण की समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने घाटों का निर्माण गुणत्ता के मानक पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गंगा घाटों के निर्माण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम गंगा किनारे पौधरोपण करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित वन प्रमंडल पदाधिकारी को गंगा किनारे पौधरोपण के लिए स्थल चयन का निर्देश दिया और बताया कि स्थल चयन के बाद पौधरोपण करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारा पर्यावरण असंतुलित हो गया है। इसे संतुलित करने के लिए जरूरी है कि हम अधिक से अधिक पौधों का रोपण करें तथा उसकी देखभाल करें। इसके पहले पूर्व में आयोजित बैठक की समीक्षा की गई तथा निर्धारित समय पर पूरा नहीं होने वाले कामों को अविलंब पूरा करने को कहा गया।



### गंगा को स्वच्छ व सुंदर बनाने का है लक्ष्य

नमामि गंगे परियोजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत गंगा को स्वच्छ व सुंदर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कड़ी में गंगा घाटों का निर्माण, सफाई तथा उसमें कूड़ा कचरा डालने से रोकने की योजना बनाई गई है। बता दें कि गंगा किनारे बसे शहरों के सिवरेज व ड्रेनेज का गंदा पानी तथा कई औद्योगिक ईकाइयों का कचरा गंगा में प्रवाहित होने से प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई थी। जिससे निजात दिलाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा यह महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई है। इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा काफी मशक्कत की जा रही है। बता दें कि जिले में गंगा का क्षेत्र काफी विस्तृत है तथा गंगा किनारे पौधरोपण होने के बाद पर्यावरण संरक्षण अभियान को बड़ा बल मिलेगा।

### पौधरोपण के लिए लोगों के बीच फैलाएं जागरूकता

बैठक में नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत घाटों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक को प्रस्ताव भेजने हेतु डीएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। गंगा किनारे किए जा रहे वनीकरण में आम लोगों की सहभागिता तथा उन्हें जागरूक करने के लिए डीएम ने जिला परियोजना पदाधिकारी को निदेश दिया कि वे लोगों के बीच जागरूकता फैलाएं। बैठक में भोजपुर के वन प्रमण्डल पदाधिकारी भोजपुर राज कुमार एम, जिला परियोजना अधिकारी, वनों के क्षेत्र अधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के अधिकारी इत्यादि मौजूद थे।

**प्रशासन सख्त:** जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में डीएम ने दी चेतावनी

# एमआरपी से अधिक पर उर्वरक बेचने वाले विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति होगी रद्द

- डीएम ने खाद विक्रेताओं की लगातार निगरानी करने तथा इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश
- एमआरपी से अधिक पर खाद बेचे जाने की कई बार आ चुकी है शिकायत, कार्रवाई नहीं होने से विक्रेताओं के हौसले हैं बुलंद

**केटी न्यूज/बक्सर**

डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। बैठक में डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार को निर्देश दिया कि जिले में कोई भी अनुज्ञप्तिधारी विक्रेता एमआरपी से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करते पाया जाता है तो संबंधित विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्धारित मूल्य से अधिक रूपया लेने वाले विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति रद्द कर उनपर एफआईआर करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को खाद विक्रेताओं की लगातार निगरानी करने तथा इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाने को कहा। डीएम ने कहा कि किसी भी सूरत में किसानों के हक मारने वाले तथा उन्हें परेशान करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। बता दें कि खेती के पिक आवर में किसानों को खाद-पानी के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ती है। जिसका लाभ उठा उर्वरक विक्रेता उनसे निर्धारित मूल्य से अधिक रूपया ऐंठते हैं। कई बार किसानों ने इस मसले पर विरोध प्रदर्शन भी किया हैं।



### पंजीकृत किसानों को रसीद के आधार पर मिलेगा उर्वरक

बैठक में तय किया गया कि जिले में पंजीकृत किसानों को उनके खेत के रसीद के आधार पर उर्वरक मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित कृषि समन्वयक पंजीकृत किसानों के घर पर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे। जांच के क्रम में खेती नहीं करने वाले व्यक्ति अगर उर्वरक का उठाव करते पाए जाते हैं तो उन पर भी कालाबाजारी का आरोप गठित कर उर्वरक नियंत्रण एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश डीएम ने दिया। वही बैठक में उपस्थित बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने सुझाव देते हुए कहा कि प्रखंड स्तर पर भी उर्वरक निगरानी समिति की बैठक कराई जाए ताकि प्रखंड स्तर पर भी उर्वरक का वितरण पारदर्शी तरीके से हो सके। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में उर्वरक वितरण में धांधली की शिकायतें किसानों द्वारा की जाती है। इस पर रोक लगनी चाहिए तथा अन्नदाता किसानों को समय से जरूरत के मुताबिक और उचित मूल्य पर उर्वरक मिलना चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, डीएओ मनोज कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पिक आवर में खाद की किल्लत झेलते हैं किसान

बता दें कि खरीफ व रबी दोनों खेती के पिक आवर में जिले के किसान खाद की जबदस्त कमी झेलते हैं। कभी समय से खाद का रैक नहीं आने तथा कभी खाद विक्रेताओं की मनमानी से जिलेभर के किसान त्रस्त्र रहते है। पिछले रबी फसलों की बुआई के समय जिले में उर्वरक की भयंकर किल्लत हुई थी। कई जगहों पर इफ्को बाजार तथा अन्य खाद दुकानों पर आवंटन लेने के लिए किसानों को रात से ही लाईन में लगना पड़ा था। वही कई बार खाद नहीं मिलने से हंगामे पर उतारू किसानों को समझाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा था। तब किसानों ने विक्रेताओं पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा लेने के आरोप भी लगाए थे। वही अधिकांश किसान जिले में खाद नहीं मिलने से यूपी के सीमावर्ती क्षेत्रों, बलिया, गाजीपुर, भदौरा, दिलदारनगर तक से खाद खरीदकर लाए थे। लेकिन इस बार समय से पहले डीएम के इस मामले में हस्तक्षेप करने से इस बात की उम्मीद बढ़ी है कि इस खरीफ वर्ष में किसानों को खाद की किल्लत नहीं झेलनी पड़ेगी।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग हजारों की संपत्ति जलकर राख

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय अंचल के भदार गांव में बुधवार को बिजली तार की शॉर्ट सर्किट से कमल राम की झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। इस अगलगी में झोपड़ीनुमा घर में रखे अनाज, बिछावन, पशुओं का चारा व अन्य घरेलू सामान समेत हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि झोपड़ीनुमा घर में आग की उठती लपटें देख आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। जिनकी अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। नहीं तो तेज पछुआ हवा से आग विकराल रूप ले सकती थी। जिससे अगलगी की बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। ग्रामीणों के अनुसार इस झोपड़ीनुमा घर में अगलगी की यह दूसरी घटना हुई है। इसके पूर्व भी बिजली के तार से निकली चिंगारी से झोपड़ीनुमा घर में आग लगी थी। जिसमें परिवार का एक किशोर झुलस कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।

इधर पीड़ित कमल राम ने बताया कि घर के ऊपर से ग्यारह हजार वोल्ट के नंगा विद्युत तार गुजर रहा है। जो पास के मोबाइल टावर में गया है। तेज हवा से विद्युत तार आपस में टकराने लगती है। बुधवार को भी ऐसा ही हुआ। विद्युत तार टकराने के साथ उसमें से निकली चिंगारी ने घर में आग पकड़ लिया।

## ट्रैक्टर व कार की टक्कर में चालक जख्मी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रतापसागर के पास एक कार व ट्रैक्टर की सीधी टक्कर में कार व ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा शर्मा की सूचना पर डायल 112 की टीम ने जख्मी लोगों को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। इधर घटना के बाद दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। बताया जाता है कि कार चालक मुजफ्फरपुर का रहने वाला था तथा वह दिल्ली जा रहा था। इस घटना के बाद कार चालक अकेला होने के कारण काफी डरा सहमा था। लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे ढांढस बंधाया तथा परिजनों से बात करवा उसे आश्वस्त किया कि परिजन जल्दी आ रहे हैं।



### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**डुमरांव।** बुधवार की शाम कोरानसराय थाना के पास स्थित रेंका मोड़ पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। डायल 112 की टीम ने उसे इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। उसका इलाज चल रहा था। जख्मी की पहचान सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका गांव निवासी रमेश राम के रूप में हुई है। वह बुधवार की शाम कोरानसराय से साइकिल से गैस का सिलेंडर लेकर अपने गांव जा रहा था। रेंका मोड़ पर सड़क पार करने के दौरान किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

## एक नजर

### ब्रह्मपुर में किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बक्सर।** ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी किशोरी ने अपने परिजनों को दी। परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के विरोध नामजद मुकदमा दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान चकनी गांव निवासी राहुल कुमार के रूप में की गई। डुमराव डीएसपी अफाक अंसारी ने बताया कि ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित किशोरी ने नामजद आरोपी के विरुद्ध आवेदन देते हुए केस दर्ज कराया है।

### बीडीओ ने जेई व ऑपरेटरों के साथ बैठक कर पेयजल समस्या दूर करने का दिया निर्देश



**केसठ।** केसठ में जारी भयंकर पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान होगा। केशव टाइम्स में केसठ में पेयजल की समस्या की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद बीडीओ मिथिलेशव बिहारी वर्मा ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने बुधवार को जेई तथा ऑपरेटरों के साथ बैठक कर प्रखंड क्षेत्र में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने उन्हें खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराने तथा नल जल योजना के अधूरे कामों को पूरा करवाने, जहा पाइप फटने तथा मोटर जलने से आपूर्ति बाधित है वह शीघ्र पाइप व मोटर की मरम्मत कराने को कहा। ताकि इलाकें में पेयजल की समस्या न रह जाए। बता दें कि प्रखंड के अधिकांश गांवों में इस भीषण गर्मी के मौसम में जलापूर्ति योजना पटरी से उतर गई है। अधिकांश सरकारी नलके या तो सूख चुके है या फिर उनसे बहुत कम पानी निकल रहा है। वहीं मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत लगाए गए नल जल योजना भी गुणवत्ता के मानक पर खरा नहीं उतरने से इस भीषण मौसम में लोगों का गला तर नहीं कर पा रहा है। जिसकी लगातार शिकायत स्थानीय गांव के ग्रामीणों द्वारा बीडीओ से करने के बाद बुधवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में पीएचईडी जेई, ऑपरेटर व नल जल योजना से जुड़े वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर वार्ड के अनुसार पानी की समस्याओं को सुना। जिसके बाद बीडीओ ने पीएचईडी जेई सुग्रीव कुमार को दो दिनों के अंदर टीम बना पानी की हो रही समस्या को दूर करने का निर्देश दिया।

### गंगा में डूबे युवकों के परिजनों को बीडीओ ने दिया पारिवारिक लाभ योजना का चेक

**सिमरी।** मंगलवार को सिमरी रामोपट्टी के दो युवक केशोपुर हनुमान घाट पर नहाने के दौरान गंगा में डूब गए थे। इस घटना के बाद प्रशासन द्वारा नियमानुकूल मुआबजा का आश्वासन दिया गया था। बुधवार को सिमरी बीडीओ शशिकांत शर्मा ने पीड़ित परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20-20 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। इस दौरान परिजनों की आंखें नम हो गई थी। वही आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाले 5-5 लाख रूपए के अनुदान के लिए कागजी प्रक्रिया तेज कर दी गई है। सीओ रजत कुमार सिंह ने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस योजना का लाभ भी परिजनों को दिया जाएगा।



### भूमि विवाद में मारपीट, चार पर केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के दहिगना गांव में भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की पिटाई कर दी गयी, जिसमें दो जख्मी हो गये। इस मामले में पीड़ित दहिगना गांव निवासी श्याम नारायण पांडेय के पुत्र धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि श्रीमन्नारायण पांडेय अपने मकान के पीछे मिट्टी भराई का काम करा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी हरेराम यादव, धनजी यादव सहित दो अन्य वहां पहुंच कर मिट्टी भरने से मना करने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया।

### श्रीमद् भागवत कथा वाचिका प्रज्ञा पाण्डेय सम्मानित

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर गांव निवासी रामायण पाण्डेय की 16 वर्षीय पौत्री किशोरी प्रज्ञा पाण्डेय को उनके घर आकर केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में प्रखंड कार्यालय के जेएसएस शिव शंकर सिंह, प्रधान लिपिक धर्मेंद्र, आवास सहायक उमेश पासवान, कृष्णा कुमार, रामदेव सिंह आदि मौजूद रहे। बीडीओ द्वारा कथा वाचिका को अंग वस्त्र आदि प्रदान किया गया, साथ ही नगद 500 रुपये की राशि पारितोषिक के रूप में दी गई। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि 16 वर्षीय किशोरी प्रज्ञा पाण्डेय को श्रीमद् भागवत कथा का असीम ज्ञान हो जाना भगवान की कृपा है। प्रज्ञा पाण्डेय ने कथा वाचिका के रूप में गांव प्रखंड व जिले का नाम रोशन किया है।

**महागठबंधन में रार:** अब तक महागठबंधन से राजद लड़ती रही है लोकसभा चुनाव, दो दिन पहले कांग्रेस नें भी किया था दावा

# दीपांकर भट्टाचार्य ने बक्सर लोकसभा सीट पर पेश की माले की दावेदारी

- बक्सर पहुंचे भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित
- भट्टाचार्या ने अपने कामरेडो को 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जी जान से लगने को कहा

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर लोक सभा की सीट पर महागठबंधन के घटक दलों के बीच रार बढ़ने लगी है। बता दें कि यहां से अबतक राजद लोस चुनाव लड़ते रही है। दो दिन पहले ही कांग्रेस ने भी अपने नये जिलाध्यक्ष के स्वागत के बहाने शक्ति प्रदर्शन कर इस सीट पर दावा पेश किया था। वहीं अब बुधवार को बक्सर पहुंचे भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने भी अपने संबोधन में इस क्षेत्र का माले का कार्यक्षेत्र बताते हुए बक्सर लोस सीट पर अपना दावा पेश किया। इसके पहले उन्हीं की पार्टी के डुमरांव विधायक डॉ अजित कुमार भी लोकसभा की सीट पर दावा कर चुके हैं।



### माले का गढ़ रहा है बक्सर का इलाका

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव के बयानों के बाद महागठबंधन में रार होना तय है। बता दें कि श्री भट्टाचार्या ने अपने कामरेडो को 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जी जान से लगने को कहा। उन्होंने कहा कि बक्सर का इलाका माले का गढ़ रहा है। यहां आज भी हमारे कार्यकताओं की बड़ी फौज है। हम पहले भी यहां से दो बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने इस तर्क को देते हुए कहा कि हम यहां से चुनाव क्यों नहीं लड़ सकते है? जो सीटे हमें मिलनी है उसमें बक्सर भी हमारे लिए प्रमुख है। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि यदि हम यहां से चुनाव लड़े तो अपने कार्यकताओं की बदौलत जीतेंगे भी। उन्होंने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ललन सिंह के बयान पर पलटवार भी किया और कहा कि ललन सिंह ने छोटे दलों की तुलना छोटे दुकानदारों से की थी। उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में ऐसे बयानों को कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब बड़े और छोटे दल मिलकर काम करेंगे। उन्होंने पिछले चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि हम 19 में 12 सीट जीते है। हमारी जीत का प्रतिशत अन्य पार्टियों की तुलना में बहुत बेहतर है। इसके पहले उड़ीसा ट्रेन हादसें में मरे लोगों को श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में माले नेता व कामरेड मौजूद थे।

# बलिया में लंपी ने पसारा पांव, नौ गायों की मौत, दर्जनों पशु बीमार, पशुपालकों में भय का माहौल

❒ उप जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद शुरू हुआ टीकाकरण

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में लंपी रोग अपना पांव पसार चुका है। अब तक नौ गायों की मौत हो चुकी है। वहीं दर्जनों पशु बीमार हैं। एहतियात के तौर पर विभाग टीकाकरण शुरू कर चुका है, लेकिन टीकाकरण कितना कारगर होगा यह तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा। बता दें कि बैरिया एसडीएम आत्रेय मिश्र के आदेश के बाद पशुपालन स्वास्थ्य टीम गंगा उस पार नौरंगा पहुंची। जांच में पाया गया कि नौ गायों की मौत लंपी रोग (एलएसडी) से हुई है। दर्जनों पशु बीमार भी हैं। पशुपालकों में भय का माहौल है।



बीमारी से पीड़ित गाय।

एसडीएम के निर्देश पर पशुपालन विभाग की टीम मंगलवार से पशुओं के टीकाकरण में जुट गई है। पशुपालन टीम को गंगा उस पार के नौरंगा, चक्की नौरंगा, भुवाल छपरा, उदयी छपरा के डेरा, चौन छपरा, रामनगर सहित आधा दर्जन गांवों के गाय और भैसों में लंपी रोग का प्रकोप दिखा। कुछ दिन पूर्व पशुपालकों ने इसकी सूचना पशु चिकित्साधिकारी बैरिया डॉ एमपी सिंह को दी थी। तब उन्होंने उसे गंभीरता से नहीं लिया था। बीते सोमवार को उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र के हस्तक्षेप के बाद पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालकों के शिकायत का संज्ञान लिया। मंगलवार को पशुपालन विभाग की स्वास्थ्य टीम ने नौरंगा पहुंचकर निरीक्षण किया। पाया कि पशुओं में लंपी रोग फैला हुआ है। ऐसे में डॉ एमपी सिंह की सलाह पर पशुपालन विभाग की स्वास्थ्य टीम ने गाय, भैसों का टीकाकरण शुरू कर दिया है। पीड़ित पशुओं के इलाज की भी व्यवस्था पशुपालन विभाग द्वारा किए जाने का दावा किया जा रहा है।

नौरंगा गांव के भुवाली ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, अरुण ठाकुर, विजय ठाकुर, कमलेश कमकर सहित कई पशु पालकों की गाय मर चुकी है। दर्जनों बीमार पड़ी हुई हैं। इस रोग को एलएसडी कहा जाता है। इसमें पशुओं के शरीर में गांठ बन जाती है। वह गांठ घाव का रूप ले लेती है। उसमें मवाद बनने लगता है। यह खून चूसने वाले मक्खी, मच्छर व चिंचड़ जू से फैलता है। इसमें पशुओं को तेज बुखार होता है। त्वचा में जख्म व दर्द से पशुओं को पीड़ा होती है। दूध और प्रजनन क्षमता में कमी आती है। समय से इलाज नहीं मिलने पर पशुओं की मौत हो जाती है।

### क्या बोले पशु चिकित्साधिकारी

बलिया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ एमपी सिंह ने बताया कि इससे बचने का एक मात्र उपाय पशुओं का टीकाकरण है। जो पशु पीड़ित हैं, उनका समय से इलाज होना चाहिए। अभी दूसरे गांव में इस बीमारी के प्रकोप की कोई सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में भी टीकाकरण कराया जाएगा।

### भयभीत ना हों पशुपालक: एसडीएम

**बलिया।** उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि नौरंगा ग्राम पंचायत के पशुओं में फैल रहे संक्रामक रोग को रोकने के लिए टीकाकरण कराया जा रहा है। एलएसडी रोग का प्रकोप अभी अन्य गांवों में फैलने की सूचना नहीं है। अन्य गांवों में लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक को सूचित करें, वहां भी टीकाकरण करा दिया जाएगा। पशुपालक भयभीत न हों। समय से अपने पशुओं का उचित उपचार कराएं।

## खबरें फटाफट

### परिवहन मंत्री ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/बलिया।** प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार की देर शाम को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री ने आपातकालीन कक्ष का निरीक्षण कर वहां भर्ती एक-एक मरीजों उनका हालचाल लिया। इस दौरान कई मरीजों ने सुविधाओं को लेकर शिकायतें की जिस पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएस डा.दिवाकर सिंह को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस बीच वार्ड में लगे पंखों की स्थिति देख मंत्री ने इन्हें तत्काल बदलने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि मेरी निधि से धन लेकर वार्डों में पंखे व कूलर की तत्काल व्यवस्था की जाए।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, झोपड़ी जलकर राख

**केटी न्यूज/सिकंदरपुर।** तहसील क्षेत्र के बिच्छीबोज गांव में अज्ञात कारणों से मड़ई में आग लग गई। जिससे एक गाय और एक भैंस जलकर झुलस गई। मिली जानकारी के अनुसार बिच्छीबोज गांव निवासी मोतीलाल राम मड़ई डालकर उसने गाय और भैंस रखते थे। बुधवार को मड़ई में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई।अगल बगल लोग बहुत मुशक्कत के बाद आग पर काबू पाए जबतलक मोतीलाल के एक भैंस और गाय झुलस गई। मौके पर पहुंचे छात्र नेता अतुलेश यादव के द्वारा लेखपाल को दी गई।

### गाड़ी मालिक व नम्बर टेकर में मारपीट, छह घायल

**केटी न्यूज/ बलिया।** फेफना थाना के खोरीपाकड़ गांव में प्राइवेट वाहन स्टैंड पर जीप का नम्बर काटने को लेकर वाहन म?ालिक व नम्बर टेकर के बीच विवाद हो गया। इसमें हनुमानगंज मंडल प्रभारी दुर्गेश राय, वशिष्ठ राय, शिवशंकर राय व आयुष राय निवासी खोरीपाकड़ व दूसरी तरफ के वाहन मालिक संतोष राय व संजय राय निवासी माल्देपुर गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर भगदड़ की स्थिति मच गई।

### गाजीपुर में आज होगी बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** गाजीपुर में बीएड पाठ्यक्रम के शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट चुका है। 15 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराए जाने को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अफसरों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा में 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 14 केन्द्र प्रतिनिधि एवं 52 पर्यवेक्षक बनाए गए हैं।

# बलिया के जिलाधिकारी ने अपने हाथों किया मेधावी बच्चों को सम्मानित



बलिया डीएम रविंद्र कुमार के हाथों सम्मान लेते छात्र

❒ इंटरमीडिएट बोर्ड की मेरिट लिस्ट में आए छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र, टैबलेट व 21 हजार रुपए का चेक

❒ विकास भवन स्थित एनआईसी सभागार में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया**

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में जनपद स्तरीय मेरिट में चयनित छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह बुधवार को विकास भवन स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभावानों को प्रशस्ति पत्र, टैबलेट व 21 हजार रुपए का चेक प्रदान कर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी के हाथों सम्मान पाकर प्रतिभावान बच्चे गदगद दिखे।

प्रतिभा सम्मान समारोह के अन्तर्गत प्रदेश स्तरीय मेरिट में चयनित यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड और यूपी संस्कृत शिक्षा बोर्ड के मेधावी छात्र/छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में प्रशस्ति पत्र, टैबलेट व एक-एक लाख रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विकास भवन स्थित एनआईसी सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार थे।

मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर लखनऊ से सम्बोधित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत राज्य स्तरीय मेरिट में चयनित यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड और यूपी संस्कृत शिक्षा बोर्ड के मेधावी 10 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, टैबलेट व एक-एक लाख रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जनपद स्तरीय मेरिट में प्रथम ग्यारह स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं (राज्य मेरिट में आये जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को छोड़कर) को प्रशस्ति पत्र, टैबलेट व 21 हजार रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ये बच्चे हुए सम्मानित

बलिया। सम्मानित होने वाले बच्चों में हाईस्कूल के सत्यम पांडेय, दीपक पाठक, रघुबीर, सुमित कुमार सहित 11 छात्रों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट के अंजली, अंकित वर्मा, मोहनी गोंड सहित 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।



गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी के हाथों सम्मान लेते छात्र

## गाजीपुर की ज्योति यादव मुख्यमंत्री के हाथों हुई सम्मानित..

❒ प्रदेश में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह लखनऊ में आयोजित

**केटी न्यूज/ गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2023 में प्रदेश में गाजीपुर के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन कार्यालय लखनऊ में आयोजित मेधावी छात्र- छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी एलसीडी के माध्यम से दिखाया गया। गाजीपुर से ज्योति यादव पिता नन्दलाल यादव को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। लोक भवन कार्यालय लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के मेधावी छात्र/छात्राओं जो यूपी की टॉपर सूची में अंक प्राप्त कर जिन्होंने अपने -अपने जनपद का नाम रौशन किया है उन्हें सम्मानित करते हुए एक लाख रुपये का चेक, प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल एवं टैबलेट वितरित किया गया। इसी क्रम में रायफल क्लन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए इस सम्मान समारोह में गाजीपुर के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के सात छात्र -छात्राओं को जिसमें स्वाप्निल प्रजापति, विशाल पांडेय, पूजा गुप्ता, खुशबू चौहान, अभय कुमार यादव, सिमरन मोदनवाल, मनीषा पाल, प्रदेश में स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को एक-एक लाख रुपये का चेक गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट वितरित किया गया। इसी प्रकार जनपद स्तर पर कुल 15 छात्र-छात्राओं ने भी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में जनपद में टॉप की सूची में रहे जिसमें खुशी जायसवाल, आंचल तिवारी, प्रियांशु शर्मा, स्मृति विश्वकर्मा, श्रेया प्रजापति, श्वेता तिवारी, दानिश अंसारी, नेहा प्रजापति, अंशिका यादव, अदिती सिंह, तृषा राय, समरीन फातमा, आलोक यादव, विभा चौहान एवं आयुषी यादव को 21-21 हजार रुपये का चेक गोल्ड मेडल एवं टैबलेट, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### बलिया साइबर सेल की तत्परता से खोया पैसा अकाउंट में पाकर जयप्रकाश ने ली राहत की सांस



**केटी न्यूज/ बलिया।** एसपी राजकरन नय्यर व नोडल साइबर सेल बलिया के निर्देशन में साइबर सेल द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान में लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी। जिसके फलस्वरूप बुधवार को शिकायतकर्ता के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि 16,7887 रुपए वापस कराया गया। शेष धनराशि को वापस कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा बलिया पुलिस तथा साइबर सेल टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2023 को शिकायतकर्ता जय प्रकाश तिवारी पुत्र स्व. शिव मंगल निवासी जीराबस्ती थाना सुखपुरा जनपद बलिया द्वारा पुलिस कार्यालय में एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि शिकायतकर्ता के भारतीय स्टेट बैंक के खाते से कुल-207512 रुपए फर्जी तरीके से स्थानान्तरण किया गया है। इसके बाद साइबेर सेल छानबीन में जुट गई। फलस्वरूप बुधवार को शिकायतकर्ता के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि 167887 रुपए (शब्दों में-एक लाख सड़सठ हजार आठ सौ सत्तासी रुपये मात्र) को वापस कराया।

### पिकअप की टक्कर से बूम क्षतिगस्त, घंटो जाम



**केटी न्यूज/बलिया।** नगर के चित्तू पांडेय रेलवे क्रांसिग पर पिकप की टक्कर से बूम क्षतिगस्त हो गया। गेटमैन ने स्लाइडर लगाकर ट्रेन को पार कराया। बूम टूटने से दोनों तरफ वाहनों का लम्बा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने जैसे तैसे रास्ता साफ कराया। बताते चले कि स्वतंत्रता सेनानी डाउन ट्रेन आने की सूचना पर गेटमैन ने फाटक बंद करने लगा। उसी दौरान जल्दी निकलने के प्रयास में पिकअप की टक्कर से बूम क्षतिग्रस्त हो गया। वाहनों के जाम के कारण पिकअप पकड़ा गया। गेटमैन ने स्लाइडर बूम लगाकर फाटक बंद दिया। उसे बाद ट्रेन गुजरी। इस संबंध में आरपीएफ प्रभारी बीके सिंह ने बताया कि पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। सुरक्षा को लेकर जवान तैनात है।

### स्नान के दौरान करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**केटी न्यूज/सिकन्दरपुर।** तहसील क्षेत्र के भावपुर गांव में घर मे नहाते समय विद्युत प्रवाह की चपेट में आकर 50 वर्षीय व्यक्ति अचेत हो गया। स्थानीय सीएचसी के चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के भावपुर गांव निवासी हरेंद्र नाथ तिवारी (50) मंगलवार की शाम को घर के बाथरूम में नहाने गए हुए थे। कुछ देर बाद जब वह नहाकर बाहर नही निकले तो घर के किसी सदस्य ने जाकर देखा तो वह अंदर अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। घटना के बाद उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले जाया गया जहां पर गहनता से जांच करने के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पारंपरिक कारीगरों की कौशल वृद्धि हेतु जल्द होगी प्रशिक्षण की व्यवस्था

**केटी न्यूज/मऊ।** जनपद मऊ में एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना वर्ष 2023-24 हेतु संचालित किया जाना है। जनपद मऊ में वस्त्र उत्पादन से जुड़े हसशिल्पियों के आजीविका के साधनों के सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों की कौशल वृद्धि हेतु प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जाएगा तथा प्रशिक्षित लाभार्थी को मानदेय के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के टूलकिट प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना की अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गाजीपुर तिराहा मऊ में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

### तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सौंपा पत्रक

**केटी न्यूज/रसड़ा।** तहसील बार एसोसिएशन रसड़ा के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष द्वारिका सिंह के नेतृत्व में बुधवार को एसडीएम सदानंद सरोज व क्षेत्राधिकारी रसड़ा फहीम कुरैशी को पत्रक देकर नगरा के पड़री गांव के अधिवक्ता सुनील कुमार श्रीवास्तव के उपर जानलेवा हमला करने वाले हमलारों को नगरा पुलिस द्वारा अब तक गिरफ्तार नहीं करने पर एक दिवसीय न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए अपना विरोध जताया। द्वय अधिकारियों को दिये पत्रक में कहा गया है कि अधिवक्ता सुनिल श्रीवास्तव के उपर 23 मई को हमला करने वाले हमलावरों को नगरा पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकती नतीजतन हमलावर अधिवक्ता व उनके परिवार को बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहे है। जिसे अधिवक्ता संघ बर्दाश्त नहीं करेगा और अविलंब गिरफ्तारी नहीं होने परे अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई शुरू करने को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। त्रिलोकी नाथ सिंह, गिरिश नारायण सिंह, विपिन चंद्र श्रीवास्तव, गोरख तिवारी, रामजी सिंह, अनिल सैनी, संजय तिवारी, वीरेंद्र राम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### विस जमानियां का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन दिलदारनगर पंचायत हाल में संपन्न

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** भाजपा विधानसभा जमानियां का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आज दिलदारनगर पंचायत हाल में जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा विगत नौ वर्षो में देश और समाज के मजबूती के लिए लगातार काम किया जा रहा है ?। उन्होंने कहा आजादी के 65-70 वर्षो में जो कार्य देश में नहीं हुआ वो कार्य विगत नौ वर्षो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। समाज के हर व्यक्ति को संतुष्ट और संतृप्त करने कि मजबूत इच्छा शक्ति और नेक नियति भाजपा को आज दुनिया कि सबसे बड़ी पार्टी बनने का अगर अवसर प्रदान किया है ।

# मऊ में बाढ़ से बचाव हेतु किए जा रहे कार्यों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

❒ 77 फिसदी कार्य पुरा डीएम ने दिए कई आवश्यक निर्देश

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ से बचाव हेतु कार्य किए जा रहे है। कार्यों का जिलाधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सरयू नदी के दाएं तट पर स्थित बीबीपुर बेलौली बांध के किलोमीटर 0.070 से 0.300 के मध्य क्षतिग्रस्त कटर के स्थान पर बोल्डर स्पर निर्माण कार्य की परियोजना का निरीक्षण किया।



तटबंध स्थल का निरीक्षण करते डीएम

इस परियोजना की स्वीकृति 8 दिसंबर 2022 को मिली थी। जिसकी कुल स्वीकृत लागत 8.6962 करोड़ रुपए है। इस परियोजना के प्रारंभ होने की तिथि 18 मार्च 2023 तथा पूर्ण होने की तिथि 15 जून 2023 है। इस परियोजना पर अभी तक 77 फिसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 3 बोल्डर स्पर का निर्माण कार्य किया जाना है। परियोजना के तहत ई.सी.बैग का प्लेटफार्म बनाकर लॉन्चिंग एप्रेन का कार्य पूर्ण हो चुका है। शैंक केटो वॉल तथा स्लोप पिचिंग का कार्य अभी प्रगति पर है।

## भीषण गर्मी और बारिश नहीं होने से किसानों की बढ़ी परेशानी

# धान की खेती के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं किसान

❒ पूरे जनपद में 86 हजार हेक्टेयर में होती है धान की खेती

❒ रोहिणी नक्षत्र में नहीं हुई बारिश तो प्रभावित होगी धान की पैदावार

**केटी न्यूज/बलिया**

मौसम विज्ञानी घाघ की कहावत है कि रोहिणी बरसे, मृग तवे कुछ कुछ अदरा जाय, कहें घाघ सुन घाघनी, स्वान भात नहीं खाय। धान की अच्छी पैदावार के लिए रोहिणी नक्षत्र में बरसात का होना काफी लाभप्रद माना गया है। जिस साल रोहिणी नक्षत्र में पानी बरस जाता है उस साल धान की फसल बहुत ही अच्छी होती है। खेती के लिए बहुत जगहों पर किसान धान की नर्सरी भी डाल चुके हैं। वहीं बहुत सारे किसान धान की नर्सरी डालने के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।



पूरे जनपद में लगभग 86000 हेक्टेयर में धान की खेती की जाती है। धान की औसत उत्पादकता की बात करें तो 28.74 है जो कि अन्य जनपदों की अपेक्षा काफी कम है।

### धान की नर्सरी डालते वक्त रखें ध्यान

धान की नर्सरी डालते वक्त बीज का चयन अच्छे से करें। बीज को शोधित कर नर्सरी डालें। बीज शोधन के लिए धान के बीज को 24 घंटे के लिए पानी में भिंगोएं। भिंगोते वक्त 3 ग्राम स्टैज्प्टोसाइक्लीन प्रति 10 किलोग्राम बीज पानी में घोल दें। इसके बाद बीज को पानी से बाहर निकालकर 3 ग्राम कार्बेंडाजिम प्रति केजी बीज के हिसाब से मिलाएं। इसके उपरांत धान के बीज को छायादार स्थान पर रखकर जूट के बोरे से ढक दें। लगभग 18 घंटे में धान अंकुरित होकर नर्सरी डालने योग्य हो जाएगा। नर्सरी शाम के वक्त ही डालें। नर्सरी डालने से एक दिन पहले डीएपी खाद दो से तीन केजी प्रति बिस्वा नर्सरी की क्यारी में मिला दें। नर्सरी में शुरूआत में 4 से 5 दिन तक पानी शाम के वक्त लगाएं। सुबह क्यारी में अगर पानी भरा हुआ है तो निकाल दें। नर्सरी जब 12 से 15 दिन की हो जाए और उसमें घास हो तो विस्पायरीबैक सोडियम दवा को 8 एम एल प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर स्प्रे करें।

### क्या बोले कृषि वैज्ञानिक

कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव के वैज्ञानिक डॉक्टर सोमेंद्र ने बताया कि जो किसान भाई नर्सरी डाल चुके हैं वो हमेशा पानी की सिंचाई कर खेत में नमी बनाए रखें। नर्सरी में यदि कोई समस्या आ रही है जैसे धान की पत्ती सफेद हो रही है या जली हुई दिख रही है, तो ऐसी स्थिति में 5 ग्राम फेरस सल्फेट व 5 ग्राम जिंक सल्फेट प्लस 20 ग्राम यूरिया प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर शाम के वक्त छिड़काव करें।